पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने मुख्यमंत्री के प्रस्ताव पर मंत्रियों के विभागों में फेरबदल किया

लखनऊः 13 सितम्बर, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव के प्रस्ताव पर मंत्रियों के विभागों में फेरबदल किया है। राज्यपाल ने लोक निर्माण विभाग का कार्यप्रभार मुख्यमंत्री को आवंटित कर दिया है।
राज्यपाल ने मंत्री श्री अवधेश प्रसाद को उनके वर्तमान कार्य प्रभार के साथ सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग का अतिरिक्त कार्यप्रभार आवंटित किया है।

मंत्री श्री बलराम यादव को उनके वर्तमान कार्य प्रभार के साथ राजस्व, अभाव, सहायता एवं पुनर्वासन तथा लोक सेवा प्रबन्धन विभाग एवं सहकारिता विभाग का अतिरिक्त कार्यप्रभार आवंटित किया है।

मंत्री शिवपाल यादव को उनके कार्य प्रभार के साथ समाज कल्याण विभाग का अतिरिक्त कार्यप्रभार आवंटित किया है।

अंजुम/ललित/राजभवन (329/21)